मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

बिहार सरकार

संख्या–cm-04
03/01/2019

मुंबई हाईकोर्ट के पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, वरिष्ठ गांधीवादी, पद्म भूषण चन्द्रशेखर शंकर धर्माधिकारी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 03 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुंबई हाईकोर्ट के पूर्व कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, वरिष्ठ गांधीवादी, पद्म भूषण चन्द्रशेखर शंकर धर्माधिकारी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि जस्टिस धर्माधिकारी वरिष्ठ गांधीवादी, स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रसिद्ध न्यायाधीश थे। गांधी जी के विचारों को आगे बढ़ाने में उनका अहम योगदान था। पटना में 2017 में गांधी जी के विचारों पर आयोजित राष्ट्रीय विमर्श के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर उनसे सकारात्मक विमर्श हुआ था। 2003 में उन्हें पदम् भूषण से सम्मानित किया गया था। उन्होंने हिन्दी, मराठी एवं गुजराती भाषा में कई किताबे भी लिखी। उनके निधन से गांधीवाद, सामाजिक तथा विधि एवं न्याय के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दु:ख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

*****